भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1112**
(जिसका उत्तर सोमवार, 02 दिसम्बर, 2024/11 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाना है)

## जेंडर बजट विवरण

1112. श्री सचिदानन्दम आर.:

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पीएमएवाई-जी जैसी योजनाएं, जो पूरी तरह महिलाओं के लिए नहीं हैं, को जेंडर बजट विवरण के भाग क में शामिल किया गया है; और
(ख) भविष्य में जेंडर बजट का सही और निष्पक्ष विवरण प्रस्तुत करने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय प्रस्तावित किए गए हैं?

**उत्तर**

वित्त राज्य मंत्री
(श्री पंकज चौधरी)

(क) और (ख) : सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को जारी की गई एडवाइज़री के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 से पीएमएवाई-जी के तहत आवासों को अनिवार्य रूप से परिवारों की महिला लाभार्थियों के नाम पर स्वीकृत किया जाना अपेक्षित है। इसलिए, ग्रामीण विकास विभाग ने पीएमएवाई-जी योजना को जेंडर बजट विवरण के भाग क में शामिल किया है। इसके अलावा, जेंडर बजटिंग के लिए महिला और बाल विकास मंत्रालय, नोडल मंत्रालय के रूप में, जेंडर बजटीय प्रक्रियाओं के संबंध में केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को क्षमता निर्माण और तकनीकी सहायता प्रदान करता है।

****